महत्वपूर्ण एवं खास

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

कोरबा (आरएनएस)। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए वर्ष 2025 हेतु नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। प्रतिवर्ष बच्चों को बहादुरी के अनुकरणीय कार्यों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा ने बताया कि पुरस्कार प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन नामांकन 31 जुलाई 2024 तक मंत्रालय द्वारा जारी वेबसाइट .पद पर किया जा सकता है। आवेदन केवल उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन के माध्यम से ही स्वीकृत होंगे, साथ ही आवेदन की एक प्रति जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग को भी उपलब्ध कराना होगा।

लिव इन का खौफनाक अंजाम, प्रेमी ने प्रेमिका को उतारा मौत के घाट

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। शहर के सिविल लाइन इलाके में लिव इन रिलेशन में रह रही प्रेमिका की प्रेमी ने हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों पिछले पांच वर्षों से लिव इन में रह रहे थे। बीती रात खाना निकालने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। धक्का-मुक्की में प्रेमिका को चोट लगी और उसकी मौत हो गई। सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। मूलत: जूना बिलासपुर पचरी घाट की रहने वाली निधि केवट और मंगला के शत्रुहन पटेल के बीच प्रेम संबंध था।23 वर्षीय निधि की 26 वर्षीय शत्रुघ्न ने की हत्या कर दी। दोनों बीते पांच सालों से मंगला के यादव मोहल्ला में शत्रुहन के घर में लिव इन में रह रहे थे। मृतक और उसका प्रेमी दोनों चखना सेंटर चलाते थे। आरोपी शत्रुहन मौके से फरार हो गया था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी युवक को तखतपुर से हिरासत में लिया। हत्या का जुर्म दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राखी पुलिस ने सतनाम चौक नवा रायपुर में अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि सतनाम चौक में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पपुलिस ने आरोपी हिरावन तारक 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 31 पाव देशी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चाकू लहराते चार युवक पकड़ाए

रायपुर (आरएनएस)। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चाकू लहराते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने स्टेशन चौक शराब दुकान के पास चाकू लहराते आरोपी आशीष कुमान अनंत 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने बजरंग चौक लाभांडी के पास चाकू लहराते आरोपी योगेश्वर गोश्वामी 20 वर्ष, सुरेंद्र निषाद 20 वर्ष व जागेश्वर गोश्वामी 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सभी आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है।

गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। टिकरापारा एवं मंदिरहसौद पुलिस के टीम ने अवैध गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 14 किलो 524 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस स्टेण्ड के पास आरोपी टुनू गाकड़ी 19 वर्ष के पास से 7 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने शहर के चौक के पास बाइक सवार आरोपी शेख आसीख 33 वर्ष व शेख आबिर 20 वर्ष के पास से बैग में रखे 7 किलो 24 ग्राम गांजा जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

रायपुर (आरएनएस)। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजीव अग्रवाल 36 वर्ष कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने गंज थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचएम 2825 को गरचा कॉम्पलेक्स के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में चंगोराभाठा निवासी पियूष कुमार देवांगन ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 टीबी 7727 को जोरापारा के फल दुकान में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ की दो महिलाओं की झारखंड में हुई मौत

❒ शादी समारोह में जा रहे थे, 1 वर्ष का बच्चा बाल बाल बचा

सूरजपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे झारखंड के रंका अनुमंडल थाना क्षेत्र के भदुआघाटी के पास हुए सडक़ हादसे में छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले की दो महिलाओं की मौत हो गई है जबकि तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों की प्राथमिक उपचार रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करने के बाद सदर अस्पताल गढ़वा में रेफर किया गया है। सभी लोग कार में सवार होकर शादी समारोह के लिए जा रहे थे इसी बीच उनकी कार को ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी।

मिली जानकारी के अनुसार सीजी 04 पीबी 8431 टेलर गढ़वा जिले की ओर से आ रही थी जबकि सीजी 15 डीसी 9690 भदुआघाटी के पास आमने-सामने की जोरदार टक्कर में कार में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई है। अन्य तीन घायल व्यक्तियों की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा के लिए रेफर किया गया है। घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने बताया कि सभी कार सवार लोग छत्तीसगढ़ प्रदेश सूरजपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। मृतकों में ब्यूटी खातून 32 वर्ष तथा नफ ीसा खातून 45 वर्ष का नाम शामिल है। जबकि वसीम अंसारी 49 वर्ष स्वीटी खातून 30 वर्ष को अत्यंत घायल अवस्था में रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं ट्रेलर चालक घटनास्थल से अपने ट्रेरलर वहां को छोडक़र फरार बताया जा रहा है। घायल व्यक्ति के संबंधियों ने बताया कि सभी लोग गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित सोनपुरवा टोला में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में रंका थाना क्षेत्र के भदुवाघाटी मोड पर विपरीत दिशा से आ रहे कार और ट्रेलर की टक्कर में जोरदार टक्कर मार दी। होने के कारण एक महिला की घटना स्थल पर मौत हो गई है। एक महिला ने इलाज के क्रम में मृत्यु हो गया है जबकि अन्य तीन लोग घायल बताए जा रहे है। इस घटना में एक वर्ष का बच्चा बाल बाल बचा।

मतगणना की तैयारियों को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जारी किया निर्देश

रायपुर | आरएनएस

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना के दिन मतगणना केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केल्कुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था करने को कहा है।मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। मतगणना हॉल के भीतर ये सामग्री ले जा सकेंगे पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ताद्ध कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है, प्लास्टिक पेन या पेंसिल।

अवैध रेत उत्खनन, रॉयल्टी चोरी, परिवहन व भण्डारण पर की गई कार्यवाही

❒ 49 प्रकरणों में 11 लाख रूपए से अधिक का अर्थदंड किया गया वसूल

कोरबा | आरएनएस

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में खनिज विभाग द्वारा गौण खनिज आधारित क्षेत्रों से रेत के अवैध परिवहन, रॉयल्टी चोरी, उत्खनन एवं भंडारण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस हेतु जिले के नगरीय निकाय सहित ग्रामीण क्षेत्रों पर खनिज अमलो की तैनाती कर नियमित कार्यवाही की जा रही है। खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौण खनिज रेत की रॉयल्टी चोरी की रोकथाम हेतु विभागीय अमला द्वारा जिलान्तर्गत ग्राम बम्हनीडीह, हरदी, कुदुरमाल, उरगा, केराकछार, भिलाईखुर्द, कुमगरी, तरदा, बरबसपुर, भिलाईखुर्द, सीतामणी आदि स्थानों से विगत 01 अप्रैल से 21 मई तक कुल 49 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसके अंतर्गत गौण खनिज रेत के 27 प्रकरण दर्ज कर 3,92,218 रुपए अर्थदंड वसूल किया गया है एवं गौण खनिज निम्न श्रेणी चूना पत्थर (गिट्टी) के 13 प्रकरण में 4,50,059 की राशि वसूल किया गया। मिट्टी ईंट 05 प्रकरण दर्ज कर रूपए 54,041 की राषि तथा खनिज कोयला के 01 प्रकरण में रूपए 28,642 की राशि वसूल की गई। अवैध परिवहन के 46 प्रकरणों से 9,24,960 रूपए की राशि तथा अवैध उत्खनन के 03 प्रकरणों से 2,07,284 रूपए की राशि के अर्थदण्ड वसूल किए गए। इस प्रकार कुल 49 प्रकरणों में 11,32,244 रूपए की राशि खनिज आय मद में जमा किया गया है।

वाहन चालक एवं वाहन मालिकों के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 यथा संषोधित छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम 2015 के नियम 71 (5) व छत्तीसगढ़ (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम 2009 तहत् प्रकरण दर्ज कर आरोपित अर्थदण्ड की कार्यवाही की गई है।

अवैध गौण खनिज परिवहन करते 6 वाहन जब्त

जगदलपुर | आरएनएस

कलेक्टर विजय दयाराम के.के निर्देशानुसार जिला खनिज जांच दल द्वारा 20 एवं 21 मई 2024 को बस्तर जिले के अंतर्गत नगरनार, मालगांव, बजावण्ड, बनियागांव, कोड़ेनार एवं कामानार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिस में खनिज रेत के अवैध परिवहन और उत्खनन कर रहे 6 वाहनों पर प्रकरण दर्ज करते हुए पुलिस अभिरक्षा में दी गई है। जिला खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि जिले के उक्त क्षेत्रों में खनिज जांच दल द्वारा 20 एवं 21 मई को निरीक्षण के दौरान अनिल मौर्य पोटानार वाहन टिप्पर सीजी 26 सी 0130, मंगलराम बड़ांजी वाहन टिप्पर सीजी 17 केआर 5210, अजय कुमार कश्यप उलनार वाहन टिप्पर सीजी 17 केजे 8611, महेश मौर्य सिंघनपुर वाहन हाईवा सीजी 17 केएक्स 9746, रामसाय बघेल तुसेल वाहन टिप्पर सीजी 17 एच 2767 तथा हिरण पुजारी कोटपाड वाहन हाईवा सीजी 17 केएन 7309 को गौण खनिज रेत के अवैध परिवहन-उत्खनन करते पाए जाने पर खनिज मय वाहनों को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपते हुये वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में जिला खनिज जाच उडऩदस्ता दल के खनि निरीक्षक मिदुल गुहा तथा खनि सिपाही डिकेश्वर खरे, सीताराम, जलंधर बघेल एवं विकास नायक शामिल थे। उपरोक्त प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास और विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज उत्खननकर्ताओं और परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि बिना वैध अभिवहन पास एवं वैध अनुमति के खनिजों का उत्खनन एवं परिवहन करना दण्डनीय अपराध है। इसके बावजूद उक्त कृत्य करने के परिणामस्वरूप यह दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। जिले में गौण खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के नियंत्रण के लिए सतत निगरानी रखी जाकर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

नशेड़ी बेटे ने पिता की चाकू गोदकर की हत्या

रायपुर | आरएनएस

राजधानी रायपुर में एक नशेड़ी बेटे ने चाकू गोदकर अपने पिता की हत्या कर दी है। पिता ने बेटे को नशाखोरी करने के लिए टोका था जिसके चलते दोनों के बीच विवाद हुआ और बेटे ने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला गुढिय़ारी थाना क्षेत्र के पार्वती नगर का है। पुलिस को बुधवार रात ढाई बजे के करीब सूचना मिली कि एक युवक ने अपने पिता पर चाकू से हमला कर दिया है जिसके बाद घायल को मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया है। जहां उसकी मौत हो चुकी है। इस मामले में राज नायक ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात उसका आरोपी बड़ा भाई बसंत नायक बेटा उमेंद्र नायक के साथ मारपीट कर रहा था। बताया जा रहा है कि पिता ने उसे नशाखोरी करने के लिए टोक दिया जिससे वह नाराज था। इसी दौरान आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से पिता के सीन और पसलियों पर वार कर दिया। जिससे वह जमीन पर लहूलुहान होकर गिर गए। इस खूनी लड़ाई के दौरान घर वालों ने बीच बचाव करने की कोशिश की। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को इसके सूचना दी। घायल उमेंद्र नायक को मेकाहारा हॉस्पिटल लेकर गए। जहां जांच पड़ताल करने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही गुढिय़ारी पुलिस ने देर रात 3 बजे के करीब आरोपी के छोटे भाई की शिकायत पर स्नढ्ढक्र दर्ज कर लिया।

वाहन चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, 15 बाईक बरामद

❒ चोरी की मोटर सायकिलों को बेचने के लिए ग्राहक तलाश करते पकड़े गये आरोपी

धमतरी | आरएनएस

जिले की मगरलोड पुलिस ने चोरी की मोटरसायकल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 15 नग चोरी की मोटरसायकल बरामद की है। पकड़े गये आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 21 मई को पुलिस की टीम को पेट्रोलिंग दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि देशी शराब भ_ी के पास 4 संदिग्ध व्यक्ति दो अलग-अलग बिना नंबर की बजाज प्लेटिना मोटर सायकल को बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर पुलिस ने चारों संदिग्धों को पकडक़र उन्हें थाना लाकर पूछताछ किया तो आरोपियों ने पुलिस को बताया वे लोग चोरी की बाईक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे है। पुछताछ में आरोपियों बताया कि ग्राम कुण्डेल फिंगेश्वर से दो नग हीरो पैसन प्रो, फिंगेश्वर से होण्डा लियो,अकलवारा छुरा से होण्डा स्पलेण्डर, महासमुंद से हिरो एचएफ डिलक्स, माना रायपुर से दो नग सुपर स्पलेण्डर, तर्रीघाट फिंगेश्वर से बजाज प्लेटिना, नयापारा राजिम से एक हिरो एचएफ डिलक्स एंव दो नग बजाज प्लैटिना, ग्राम टेकारी सड्डू रायपुर से एक एक्टिवा स्कूटी, ग्राम कस से एक पैसन प्रो मोटर सायकल को चोरी कर मोटर सायकल का पहचान छुपाने के लिये मोटर सायकल कर नंबर प्लेट निकालकर छिपाकर रखना एंव इस्तेमाल करना बताना साथ ही बेचने के लिये ग्राहक की तलाश करना बताया जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों ने सभी मोटर सायकिलों को बरामद कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। पकडे गये आरोपियों मे से दो आरोपी नाबालिग है जिन्हें बालक को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया है।

मामले में पुलिस ने दो नाबालिग सहित राम सोनवानी पिता स्व. धनीराम सोनवानी उम्र 34 वर्ष साकिन ग्राम बेलरदोना थाना मगरलोड जिला धमतरी तथा सोमन सोनवानी पिता आनंद सोनवानी उम्र 19 वर्ष साकिन ग्राम परसदा कला थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद को गिरफ्तार किया है।

नया बस स्टैण्ड के वाहन पार्किंग ठेकेदार की चाकू मारकर हत्या, आरोपी फरार

❒ हत्या के पीछे पुरानी रंजिश बना कारण, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

दुर्ग | आरएनएस

गंजपारा चौक के पास मंगलवार की रात नया बस स्टैण्ड के वाहन पार्किंग ठेकेदार श्रीराम ऊर्फ मंत्री यादव 48 वर्ष पिता स्व. बहलराम यादव की चाकू मारकर अज्ञात युवकों ने हत्या कर दी। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश को कारण बताया गया है। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार है। पुलिस द्वारा आरोपियों की संख्या तीन बताई जा रही है। जिनमें से दो आरोपी पूर्व पार्षद के रिश्तेदार बताए जा रहे है। बहरहाल आरोपियों की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है। मृतक श्रीराम ऊर्फ मंत्री यादव पचरीपारा वार्ड क्रमांक-29 का निवासी था। उसकी हत्या ने क्षेत्र में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। मृतक के शव का बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस दौरान स्थानीय पोस्टमार्टम गृह में मृतक से जुड़े लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। खासकर युवा बड़ी संख्या में जुटे। हत्या के बाद तनाव को देखते हुए यहां किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने पुलिस की विशेष टीम भी अलर्ट रही। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नया बस स्टैण्ड के वाहन पार्किंग ठेकेदार श्रीराम ऊर्फ मंत्री यादव मंगलवार की रात करीब 8.30 बजे के आसपास अपने एक साथी के साथ मोटरसायकल से गंजपारा की ओर जा रहा था। वे गंजपारा चौक के पास पहुंचे ही थे कि 3 अज्ञात युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। इस दौरान अज्ञात युवकों द्वारा श्रीराम ऊर्फ मंत्री यादव से विवाद किया गया। जिसका मंत्री यादव द्वारा विरोध किया गया। जिस पर अज्ञात युवकों ने मंत्री यादव पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मारपीट व चाकूबाजी की घटना से आसपास के लोगों के इक_ा होने पर हमलावर तीनों युवक गंजपारा क्षेत्र के रास्ते होते हुए फरार हो गए, वहीं हमले में रक्तरंजित मंत्री यादव को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने ईलाज दौरान दम तोड़ दी। बताया गया है कि हमलावरों ने मंत्री यादव के पैर व जांघ के हिस्से में चाकू से करीब 10 से अधिक बार हमला किए थे। बहरहाल कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

प्रदेश में बढ़ रहे सड़क हादसों पर लगाम लगाने सरकार उठाएगी ठोस कदम-डिप्टी सीएम साव

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने मंगलवार को कवर्धा हादसे को लेकर दुख जाहिर करते हुए जांच कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कुम्हारी में हुए बस हादसे को लेकर भी कार्रवाई करने की बात कही है। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ने पांच चरणों के मतदान और शराब दुकानों में कैशलेस सुविधा को लेकर मीडिया से बातचीत की।

कवर्धा जिले में हुए भीषण हादसे में 19 लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि, कवर्धा ज़िले में अत्यंत हृदय विदारक पीड़ादायक घटना हुई है। मैं मृतकों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। परिजनों को अपनी सहानुभूति व्यक्त करता हूँ। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। इसके अलावा डिप्टी सीएम ने बताया कि सरकार ने हादसे से पीड़ित परिवारों को सहायता राशि देने की घोषणा भी की है। सरकार ऐसे दुख के घड़ी में परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

उपमुख्यमंत्री साव ने प्रदेश में लगातार हो रहे सडक़ दुर्घटनाओं को लेकर कहा, कि कुम्हारी की घटना में हमने न्यायिक जाँच करवाई है, जो रिपोर्ट आएगी उसके आधार पर करवाई होगी। दुर्घटनाएं रुके और ऐसी घटनाएं ना हो, इसके लिए सरकार हर संभव कदम उठा रही है। कई अभियान भी चलाये जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि, सरकार इस मामले में आगे ठोस और मजबूत कदम उठाएगी।

400 पार का नारा एकदम साफ: डिप्टी सीएम - डिप्टी सीएम अरुण साव ने लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि पाँच चरणों के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है, कि मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। बीजेपी के 400 पार का नारा एकदम साफ हो गया है।

सही दामों में मिलेगी शराब- प्रदेश के शराब दुकानों में कैशलेस सुविधा को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, हमारे देश में डिजिटल ट्रांजेक्शन की दिशा में काम हो रहा है। आने वाले समय में इस योजना को और आगे बढ़ाएंगे, ताकि पारदर्शिता हो और सही कीमत पर लोगों को शराब मिल सके।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU